# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


पटना/ दिनांक 09/05/2017

## अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/ नि॰ 1-03/ 2017 ...311....... चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा तत्काल 307 प्रखण्ड मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।

अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा तत्काल प्रथम चरण में संलग्न **अनुलग्नक-2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-1** में अंकित कुल 171 एवं द्वितीय चरण में संलग्न **अनुलग्नक-4** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक-3** में अंकित कुल 136 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु क्रमश: **दिनांक 22.06.2017 (गुरूवार) तथा दिनांक 10.07.2017 (सोमवार)** की तिथियाँ नियत करता है तथा संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या-134 दिनांक 22.02.2017, 164 दिनांक 03.03.2017 तथा 183 दिनांक 16.03.2017 द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि 31.01.2017 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 27.04.2017 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छ: पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी दोनों चरणों हेतु प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 27.05.2017 (शनिवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

दोनों चरणों के लिए मतदान का समय सुबह 07:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा। यह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0) के विवेक पर छोड़ा जाता है कि मतगणना यथास्थिति दिनांक 22.06.2017 तथा 10.07.2017 को मतदान समाप्ति के पश्चात् उसी दिन सुविधानुसार अपराह्न 04:00-05:00 बजे से शुरू किया जाय या दूसरे दिन 23.06.2017 और दिनांक 11.07.2017 को सुबह 08:00 बजे से शुरू की जाय। दिनांक 22.06.2017/10.07.2017 को मतगणना कराने पर मतदत मतपेटियों को सीधे मतगणना केन्द्र पर लाया जायेगा और कोई बज्रगृह बनाने की आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु दूसरे दिन अर्थात् 23.06.2017/ 11.07.2017 को मतगणना कराये जाने की स्थिति में बज्रगृह की स्थापना की जायेगी तथा बज्रगृह में मतदत मतपेटियों को रखने, बज्रगृह को सील करने तथा दूसरे दिन बज्रगृह को खोलकर मतपेटियों को मतगणना केन्द्र पर ले जाने के समय की सूचना अनिवार्य रूप से सभी अभ्यर्थियों को लिखित रूप में निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी जायेगी।

जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**( फूल सिंह )**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/संबंधित नोडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 25.05.2017 (गुरूवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰ स॰) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.5.17

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 311 पटना/ दिनांक 09/05/2017

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.5.17

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

## मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन-2017

### प्रथम चरण का निर्वाचन

| क्र० | जिला | प्रखण्डों का नाम जहाँ मत्स्यजीवी सहयोग समितियाँ अवस्थित है |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शिवहर | 1. पुरनहिया |
| 2 | जमुई | 1. जमुई |
| 3 | गया | 1. कोंच 2. गया नगर |
| 4 | लखीसराय | 1. हलसी 2. सुर्यगढ़ा |
| 5 | बक्सर | 1. बक्सर 2. राजपुर 3. डुमरॉव |
| 6 | सुपौल | 1. किशनपुर 2. पिपरा 3. बसंतपुर |
| 7 | शेखपुरा | 1. शेखोपुरसराय 2. धाटकुसुमभा 3. अरियरी 4. शेखपुरा |
| 8 | अररिया | 1. फारबिसगंज 2. नरपतगंज 3. कुर्साकांटा 4. पलासी |
| 9 | बांका | 1. शंभुगंज 2. धौरैया 3. बेलहर 4. फुल्लीडुमर |
| 10 | जहानाबाद | 1. घोसी 2. काको 3. मकदुमपुर 4. मोदनगंज |
| 11 | खगड़िया | 1. खगडिया 2. बेलदौर 3. मानसी 4. चौथम |
| 12 | पटना | 1. बख्तियारपुर 2. मोकामा 3. पंडारक 4. फुलवारी |
| 13 | नवादा | 1. कौआकोल 2. हिसुआ 3. पकरीवरावां 4.रजौली |
| 14 | मुंगेर | 1. धरहरा 2. बरियारपुर 3. हवेली खड़गपुर 4. संग्रामपुर |
| 15 | मधेपुरा | 1. मधेपुरा 2. सिंहेश्वर 3. मुरलीगंज 4. कुमारखण्ड |
| 16 | सहरसा | 1. बनमाइतहरी 2. कहरा 3. महषी 4.सिमरी बख्तियारपुर |
| 17 | कैमुर | 1. कुदरा 2. मोहनियॉ 3. भभुआ 4. भगवानपुर |
| 18 | गोपालगंज | 1. बरौली 2. कुचायकोट 3. कल्याणपुर 4.मांझा<br>5. गोपालगंज |
| 19 | बेगुसराय | 1. शामहो 2. खोदावन्दपुर 3. बलिया 4. बरौनी<br>5. छौडाही 6. चेरिया बरियारपुर 7. तेघड़ा |
| 20 | पूर्णिया | 1. धमदाहा 2. रूपौली 3. बी0 कोठी 4. बायसी<br>5. डगरूआ 6. जलालगढ़ 7. अमौर |
| 21 | भागलपुर | 1. शाहकुंड 2. खरीक 3. इस्माइलपुर 4. बिहपुर<br>5. नारायणपुर 6. नवगछिया 7. गोपालपुर 8. गोराडीह |
| 22 | प0 चम्पारण | 1. योगापट्टी 2. बैरिया 3. बगहा–1 4. बगहा–2<br>5. लौरिया 6. नरकटियागंज 7. मझौलिया 8. मैनाटाड़ |
| 23 | समस्तीपुर | 1. समस्तीपुर 2. सरायरंजन 3. वारिसनगर 4. पुसा<br>5. मोहनपुर 6. विद्यापतिनगर 7. रोसडा 8. उजियारपुर |
| 24 | सीतामढ़ी | 1. बथनाहा 2. बैरगनिया 3. बेलसंड 4. मेजरगंज<br>5. पुपरी 6. बाजपट्टी 7. चोरौत 8. बोखड़ा |
| 25 | कटिहार | 1. बरारी 2. बलरामपुर 3. कटिहार 4. कोढ़ा<br>5. समेली 6. डंडखोडा 7. अमदाबाद 8. आजमनगर |
| 26 | पूर्वी चम्पारण | 1. घोड़ासहन 2. ढाका 3. बंजरिया 4. कोटवा<br>5. पहाड़पुर 6. रामगढवा 7. संग्रामपुर 8. सुगौली |
| 27 | रोहतास | 1. करगहर 2. काराकाट 3. कोचस 4. बिक्रमगंज<br>5. सासाराम 6. चेनारी 7. नोखा 8. नौहट्टा |
| 28 | दरभंगा | 1. घनश्यामपुर 2. बहादुरपुर 3. बहेड़ी 4. बेनीपुर<br>5. दरभंगा 6. तारडीह 7. जाले 8. अलीनगर |
| 29 | वैशाली | 1. महुआ 2. महनार 3. बिदुपुर 4. हाजीपुर<br>5. वैशाली 6. चेहराकला 7. जन्दाहा 8. गोरौल |
| 30 | नालन्दा | 1. एकंगरसराय 2. इसलामपुर 3. बिहारशरीफ 4. बिन्द<br>5. रहुई 6. राजगीर 7. सरमेरा 8. चण्डी |
| 31 | सारण | 1. एकमा 2. इसुआपुर 3. बनियापुर 4. मढौरा<br>5. सदर प्रखंड 6. जलालपुर 7. नगरा 8. अमनौर |
| 32 | मधुबनी | 1. खुटौना 2. बाबूबरही 3. बासोपट्टी 4. बेनीपट्टी<br>5. फूलपरास 6. अंधराठाढ़ी 7. लखनौर 8. रहिका |

अनुलग्नक-2

# मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन-2017

## निर्वाचन कार्यक्रम

## प्रथम चरण

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 27.05.2017 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 12.06.2017 (सोमवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 13.06.2017 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 14.06.2017 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 22.06.2017 (गुरूवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 22.06.2017 (गुरूवार) की संध्या/<br>23.06.2017 (शुक्रवार) |

## मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन-2017

**अनुलग्नक-3**

### द्वितीय चरण का निर्वाचन

| क्र० | जिला | प्रखण्डों का नाम जहाँ मत्स्यजीवी सहयोग समितियाँ अवस्थित है |
|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** |
| 1 | बांका | 1. अमरपुर |
| 2 | जहानाबाद | 1. जहानाबाद |
| 3 | खगड़िया | 1. अलौली 2. गोगरी |
| 4 | पटना | 1. अथमलगोला 2. दनियांवा |
| 5 | नवादा | 1. वारिसलीगंज 2. नारदीगंज |
| 6 | मुंगेर | 1. सदर मुंगेर 2. जमालपुर 3. असरगंज |
| 7 | मधेपुरा | 1. गम्हरिया 2. घैलाढ़ 3. उदाकिशुनगंज 4. चौसा 5. पुरैनी 6.ग्वालपाड़ा |
| 8 | सहरसा | 1. सौर बाजार 2. सोनवर्षा 3. सत्तर कट्टया 4. सलखुआ 5. नवहट्टा |
| 9 | कैमुर | 1. रामपुर 2. रामगढ़ 3. दुर्गावती 4. चॉद 5. चैनपुर 6. नुऑव |
| 10 | गोपालगंज | 1. थावे 2. सिघवलिया 3. हथुआ 4. पचदेवरी 5. उचकागांव 6. फुलवरीया |
| 11 | बेगुसराय | 1. बछवाड़ा 2. बेगुसराय 3. मटिहानी 4. भगवानपुर 5.साहेबपुरकमाल 6. डंडारी |
| 12 | पूर्णिया | 1. बैसा 2. बनमनखी 3. कसबा 4. के० नगर 5. भवानीपुर 6. पूर्णिया पूर्व |
| 13 | भागलपुर | 1. पिरपैंती 2. रंगरा 3. सबौर 4. सुलतानगंज 5. सनहौला 6. नाथनगर |
| 14 | प० चम्पारण | 1. भितहा 2. सिकटा 3. रामनगर 4. चनपटिया 5. नौतन 6. गौनाहा |
| 15 | समस्तीपुर | 1. सिंघिया 2. विभुतिपुर 3. कल्याणपुर 4. बिथान 5. शिवाजीनगर 6. ताजपुर |
| 16 | सीतामढ़ी | 1. सुप्पी 2. डुमरा 3. रूनीसैदपुर 4. परसौनी 5. परिहार 6. सोनबरसा |
| 17 | कटिहार | 1. कदवा 2. कुर्सेला 3. मनिहारी 4. मनसाही 5. हसनगंज 6. प्राणपुर |
| 18 | पूर्वी चम्पारण | 1. केसरिया 2. कल्याणपुर 3. मधुवन 4. पिपरा कोठी 5. चिरैया 6. हरसिद्धि 7. तुरकौलिया 8. अरेराज |
| 19 | रोहतास | 1. शिवसागर 2. डिहरी 3. दिनारा 4. रोहतास 5. राजपुर 6. संझौली 7. अकोढीगोला 8. दावथ |
| 20 | दरभंगा | 1. कुशेश्वरस्थान पूर्वी 2. मनिगाछी 3. सिंहवाड़ा 4. हायाघाट 5. हनुमान नगर 6. रनवे केवटी 7. गौडाबौराम |
| 21 | वैशाली | 1. भगवानपुर 2. पातेपुर 3. पटेढी बेलसर 4. राजापाकर 5. सहदेई बुजुर्ग 6. देसरी 7. लालगंज |
| 22 | नालन्दा | 1. हिलसा 2. थरथरी 3. सिलाव 4. गिरियक 5. हरनौत 6. परवलपुर 7. नूरसराय 8. अस्थावॉ 9. नगरनौसा |
| 23 | सारण | 1. मकेर 2. मॉझी 3. रिविलगंज 4. दिघवारा 5. पानापुर 6. सोनपुर 7. गड़खा 8. दरियापुर 9. तरैया 10. लहलादपुर |
| 24 | मधुबनी | 1. मधवापुर 2. मधेपुर 3. बिस्फी 4. हरलाखी 5. पण्डौल 6. लौकही 7. लदनियॉ 8. जयनगर 9. राजनगर 10. खजौली 11. कलुआही |

# मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन-2017

## निर्वाचन कार्यक्रम

## द्वितीय चरण

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 27.05.2017 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 29.06.2017 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 30.06.2017 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 01.07.2017 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 10.07.2017 (सोमवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 10.07.2017 (गुरूवार) की संध्या/<br>11.07.2017 (शुक्रवार) |